RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161597

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com


editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 252 जयपुर, रविवार, 11 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठ : 4

राजस्थान की धरती एक बार फिर बनीं शौर्य और पराक्रम की गवाह

संचार जगत



जोधपुर । राजस्थान की धरती एक बार फिर भारतीय वायुसेना के शौर्य और पराक्रम की गवाह बनी। जोधपुर एयरबेस पर बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास तरंग शक्ति-2026 के तहत लड़ाकू विमानों की गर्जना और आसमान में हैरतअंगेज करतबों के जरिए भारतीय वायुसेना ने अपनी ताकत का परचम लहराया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान राजनाथ सिंह ने अभ्यास में हिस्सा ले रहे मित्र देशों के सैन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर भारतीय वायुसेना के प्रदर्शन की सराहना की।

समारोह में लड़ाकू विमानों ने अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी, जबकि सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम और सूर्य किरण हवाई करतब टीम ने आसमान में अपने कौशल का प्रदर्शन किया । बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' का आयोजन 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसमे ऑस्ट्रेलिया,

स्क्रब टाइफस ने स्वास्थ्य विभाग की बढ़ाई चिंता

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में स्क्रब टाइफस के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। सवाई मानसिंह अस्पताल में जुलाई से सितंबर के बीच इस बीमारी से 15 मरीजों की मौत हुई, जबकि जनवरी से सितंबर तक 323 से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। स्क्रब टाइफस संक्रमित माइट्स यानी छोटे कीटों के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल हो सकते हैं। कई बार काटने की जगह पर काला निशान भी दिखाई देता है। डॉक्टरों के मुताबिक, समय पर पहचान और इलाज बेहद जरूरी है। इसलिए बुखार को सामान्य समझकर नजरअंदाज न करें और लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

सीजेपी का प्रदर्शन फ्लॉप शो

दिल्ली घेरने की हसरत रह गई अधूरी

संचार जगत



नई दिल्ली। दिन भर चले राजनीतिक ड्रामे से हर कोई हैरान और परेशान नजर आया। प्रदर्शनकारी सरकार, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ अपना गुस्सा जता रहे थे तो सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार दिखाई दी। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन में भाग लेने अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को हिरासत में लेकर प्रशासन ने अपने इरादे जता दिए, वहीं आंदोलनकारी भी सड़कों पर उतर अपना गुस्सा जाहिर करने को बेताब नजर आए। यूट्यूबर ध्रुव राठी को भी गुरुग्राम से हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई पर कॉकरोज जनता पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इनका लक्ष्य था कि इस प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए टॉप लीडर को अरेस्ट कर लिया जाए। पार्टी ने दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई की भ्रत्सना करते हुए तीनों नेताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है । उधर, इन तीनों की गिरफ्तारी की खबर से ही दिल्ली में माहौल गरमाने लगा। सीजेपी प्रोटेस्ट के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाई गई पाबंदियों की आलोचना की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, उनके खिलाफ कार्रवाई और एसआईआर को रद्द नहीं किए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे वकीलों को हिरासत में लिया। महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी को मुंबई पुलिस ने डिटेन कर लिया। वे मुंबई में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रोटेस्ट करने वाले थे। जंतर-मंतर के पास केरल हाउस में भारी पुलिस बल और मीडिया मौजूद रहा। सीजेपी के प्रोटेस्ट को लेकर सोनीपत में किसानों को भी डिटेन किया गया। दिल्ली के धौला कुआं के पास कंटेंट क्रिएटर्स समेत कई प्रदर्शनकारियों को भी हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस ने सीजेपी प्रोटेस्ट की वजह से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया। उनमें कई आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोग भी शामिल थे। धौला कुआं पर भी पुलिस की किलेबंदी रही और चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात थे। दिल्ली-हरियाणा सीमा और सिंघु बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर पर सुरक्षा जांच बढ़ाई गई और टिकरी बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। कॉकरोच जनता पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर मामले को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। हिरासत में लिए गए लोगों के लिए दिल्ली के सभी स्टेडियम में डिटेंशन सेंटर बनाए गए। साउथ दिल्ली में ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की गई और सीमाओं पर 12 से ज्यादा पुलिस चौकियां तैनात की गई। विरोध-प्रदर्शन के आह्वान को देखते हुए, साउथ डिस्ट्रिक्ट समेत पूरे शहर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। अंतर-राज्यीय और अंतर-जिला सीमाओं पर सुरक्षा के खास उपाय लागू किए गए।

लोकतंत्र को चुनौती जनादेश का अपमान

अर्बन नक्सल देश को अस्थिर कर रहे हैं : नितिन नबीन

संचार जगत



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्बन नक्सल सोच वाले कुछ लोग देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। नितिन नबीन ने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नापाक इरादे कभी पूरे नहीं होंगे। नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 12 सालों में देश को डर के माहौल से बाहर निकालने और आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की कोशिश की गई है। इसके बावजूद कुछ लोग देश में अस्थिरता पैदा करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की भाषा को देश के युवा देख रहे हैं।


युवाओं के प्रदर्शन से घबराई सरकार : जयराम रमेश

संचार जगत



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आम आदमी को वोट का अधिकार मिला है, लेकिन ये सरकार सुनियोजित तरीके से इस अधिकार को भी छीनने की कोशिश कर रही है। जयराम रमेश ने कहा कि युवाओं के इस प्रदर्शन से प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की जोड़ी बुरी तरह घबराई और बौखलाई हुई है। इसलिए युवाओं को रोकने के लिए दिल्ली की सड़कों पर घनघोर किलेबंदी की गई है। देश की राजधानी को किले के रूप में तब्दील कर दिया गया है। हर तरफ हथियारबंद सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। जयराम रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट तक से झूठ बोलने वाले सीईसी का इस्तीफा अब एक नैतिक अनिवार्यता बन गया है।

उत्तर के बाद अब राहुल गांधी ने दक्षिण के छात्रों से किया संवाद



संचार जगत

चेन्नई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के सिलसिले में चेन्नई पहुंचे। चेन्नई पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने एक कैफे में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने तिरामिसू जार, कैप्पुचीनो और आइस्ड अमेरिकानो का आर्डर किया। हवाई अड्डे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। दक्षिण भारत में इस कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। शाम को चेन्नई के आइलैंड ग्राउंड्स में यह छठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले राहुल कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर के युवाओं से संवाद कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले पांच कार्यक्रमों में करीब एक लाख चौवन हजार लोग शामिल हुए थे। दक्षिण भारत के पांच राज्यों–आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में पंद्रह से उनतीस वर्ष की आयु के लगभग साढ़े सात करोड़ युवा हैं। राहुल गांधी का मुख्य फोकस इसी वर्ग पर है। इस अभियान के तहत वे शिक्षा, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं पर बढ़ते मानसिक दबाव जैसे गंभीर मुद्दे उठा रहे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस उनसठ साल बाद सत्ता में साझेदार बनी है। मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार में कांग्रेस के दो विधायक मंत्री हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार यह दौरा कांग्रेस के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

नाहरगढ़ किले में इतिहास के साथ मिलेगा नया अनुभव

जयपुर (संचार जगत)। नाहरगढ़ किले में स्थित वैक्स म्यूजियम का नाम बदलकर हिस्टॉरिका - स्टेप इनटू हिस्ट्री कर दिया गया है। अब इस म्यूजियम में सिर्फ मोम के पुतले ही नहीं, बल्कि इतिहास, कला, सिनेमा और स्थापत्य से जुड़ी खास चीजें भी देखने को मिलेंगी। म्यूजियम प्रबंधन पर्यटकों को इतिहास से जोड़ कर उनके अनुभव को पहले से ज्यादा खास बनाने पर काम कर रहा है। यहां 33 सीटों वाला ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जहां पर्यटकों को फिल्म दिखाने की व्यवस्था होगी। इस नए बदलाव के जरिए पर्यटक इतिहास को केवल देख ही नहीं सकेंगे, बल्कि फिल्मों और दूसरे अनुभवों के माध्यम से उसे बेहतर तरीके से समझ भी पाएंगे।

राजस्थान में बढ़ा ई-गवर्नेंस का दायरा

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं को सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य में स्मार्ट परियोजना की शुरूआत की गई है, जिससे लाखों व्यक्तियों को लाभ मिला है। स्मार्ट परियोजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की सहायता से सार्वजनिक सेवाओं को नागरिकों तक पहुंचाने का तरीका बेहतर बनाया जा रहा है। एक जुलाई को जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में स्वचालित नागरिक सेवा प्रदायगी मंच स्मार्ट परियोजना का शुभारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत आरम्भ की गई 7 सेवाओं से 3 लाख से अधिक नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने राज उन्नति की 9वीं बैठक में स्मार्ट परियोजना के तहत विभिन्न विभागों की 10 प्रमुख योजनाओं को भी स्मार्ट प्लेटफॉर्म पर लाने के निर्देश दिए हैं। ये सेवाएं भी आमजन को जल्द सुलभ होंगी। दो अक्टूबर को राज्य स्तरीय विकसित भारत-जन सेवा अभियान कार्यक्रम में स्मार्ट के अन्तर्गत मूल निवास प्रमाण-पत्र के स्वतः जारी होने की सेवा का शुभारम्भ किया था। 9 अक्टूबर तक 27 हजार से अधिक नागरिक इस सुविधा से लाभान्वित हो चुके हैं।

नल कनेक्शन के नियमों में बदलाव का आदेश रद्द

जयपुर (संचार जगत)। राजस्थान में 8 हजार 100 रुपए में नल कनेक्शन देने की व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने जलदाय विभाग के उस परिपत्र को रद्द कर दिया है, जिसके जरिए नल कनेक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नियमों में संशोधन के लिए विधिवत अधिसूचना जारी करना जरूरी है, केवल विभागीय परिपत्र से ऐसा नहीं किया जा सकता। इस फैसले के बाद ठेकेदारों के जरिए 8,100 रुपए में नल कनेक्शन देने की व्यवस्था फिलहाल समाप्त हो गई है। हालांकि, जलदाय विभाग ने अभी नई व्यवस्था और पुराने एल-फॉर्म से कनेक्शन देने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

शांति का मसीहा पुरस्कार न मिलने से नाराज

ट्रंप ने फैसले को बताया स्थायी दाग

संचार जगत



वॉशिंगटन। नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने से नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुरस्कार समिति पर तीखा हमला किया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने आठ अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में भूमिका निभाई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं दिया गया। उन्होंने इस फैसले को शर्मनाक और अमेरिका के साथ अन्याय बताया। न्यूयॉर्क के सिरैक्यूज में आयोजित एक रिपब्लिकन चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है और इसके लिए अमेरिका को सम्मान मिलना चाहिए था। ट्रंप ने समर्थकों से कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसका प्रतिनिधित्व मैं राष्ट्रपति के रूप में कर रहा हूं, को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था, लेकिन नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि यह फैसला एक स्थायी दाग की तरह है और आरोप लगाया कि नॉर्वे की नोबेल समिति ने पुरस्कार चयन में राजनीतिक सोच को हावी होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति ने उन कूटनीतिक उपलब्धियों को नजरअंदाज कर दिया जिन्हें वह असाधारण मानते हैं। ट्रंप का कहना था कि यह पुरस्कार किसी एक व्यक्ति के बजाय अमेरिका को मिलना चाहिए था, क्योंकि उनके प्रशासन के शांति प्रयास अमेरिकी जनता की ओर से किए गए थे।

हरिद्वार में आसमान से बरसी आफत

संचार जगत

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार में मौसम ने अचानक करवट ली। वहां भारी बारिश के साथ ऐसी भीषण ओलावृष्टि हुई कि सड़कें सफेद चादर में ढक गईं और गाड़ियों के शीशे तक टूट गए। ज्वालापुर, सिडकुल समेत आसपास के कई इलाकों में बड़े-बड़े ओले गिरे। ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि कई वाहनों को नुकसान पहुंचा, वहीं कार शोरूम की छतों पर लगी टीन भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई। इस बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों, मकानों और सोलर पैनलों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। उत्तराखंड के 13 में से 6 जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई जबकि 2 जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया।

शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू



संचार जगत

जयपुर। शारदीय नवरात्रि को लेकर देशभर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। आज से मां दुर्गा की आराधना का नौ दिवसीय पर्व शुरू हो रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है और इसी के साथ घटस्थापना कर भक्त नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना करते हैं। छोटी काशी गुलाबी नगर जयपुर के मंदिरों में विशेष सजावट और पूजा की तैयारियां की गई हैं, वहीं बाजारों में भी रौनक छा गई है। भक्ति, आस्था और उत्साह से जुड़े इस पर्व का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार रहता है।

पंचायती राज चुनाव-2026

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा

संचार जगत



जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 में 10 हजार 245 पदों के लिए चुनाव संपन्न कराए गए थे, जबकि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 में लगभग एक लाख 55 हजार पदों पर निर्वाचन होना है। चुनाव के व्यापक स्तर और अधिक संख्या में पदों को देखते हुए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता, बेहतर समन्वय और व्यापक तैयारियों के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करें, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। सिंह शनिवार को शासन सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। वीसी में समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिस प्रकार नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है, उसी प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता के साथ पंचायती राज चुनाव भी संपन्न कराए जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव के व्यापक दायरे को देखते हुए प्रत्येक स्तर पर कार्ययोजना बनाकर उसकी नियमित समीक्षा की जाए तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। सिंह ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार जनरेटर एवं लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन संबंधी कार्यों के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हों।

सम्पादकीय

विपक्षी आंदोलन के मायने

विपक्ष का विरोध-प्रदर्शन, भीडनुमा आंदोलन अपने साथ कई पक्ष जोड़ रहा है। रेलवे ने खुलासा किया है कि बीती 8 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे के बाद, प्रदर्शन की भीड़ के कारण, करीब 5000 लोगों की ट्रेन छूट गई। जाहिर है कि वे अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए। राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस से ही गुजर कर लोग 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचते हैं। कनॉट प्लेस के 'सागर रत्ना और 'मोएट्स में ही विपक्ष के सांसदों का लंच तय किया गया था, लिहाजा वहां अप्रत्याशित, अवांछित भीड़ थी। दोनों रेस्टॉरेंट के आसपास की दुकानें बंद रखनी पड़ीं, फुटपाथ पर कारोबार करने वाले अपना सामान नहीं बिछा सके, आम लोगों की सामान्य आवाजाही बाधित हुई, सबसे शर्मनाक और अलोकतांत्रिक यह रहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर (कश्मीर) के एक मुस्लिम नौजवान की खूब पिटाई की। यह अराजकता, गुंडागर्दी नहीं तो क्या है? उस नौजवान का कसूर सिर्फ यह था कि वह अपने देश को नेपाल और बांग्लादेश नहीं बनने देना चाहता था। भारत के नागरिक होने के नाते यह उसका मानवाधिकार और नागरिक अधिकार था कि वह अपनी आवाज बुलंद कर सके। कांग्रेस और विपक्ष अपनी मांग, जिद पर अड़े हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता को बर्खास्त किया जाए। यह मांग ही गलत और असंवैधानिक है। जब तक सीईसी खुद इस्तीफा देने को तैयार नहीं हो जाते, तब तक कोई भी उन्हें पद से हटा नहीं सकता। उन्हें संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। बेशक विपक्ष संसद में महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है, लेकिन लोकसभा में ही कुल 540 में से 184 सांसद ही विपक्षी खेमे में हैं। महाभियोग पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत, यानी 360 सांसदों का समर्थन, अनिवार्य है। लोकसभा में द्रमुक के 22 सांसद 'इंडी गठबंधन से अलग हो चुके हैं। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों में से 20 सांसदों ने पाला बदल लिया है और वे एनडीए के खेमे में चले गए हैं। उनकी 'सांसदी पर स्पीकर ओम बिरला का फैसला अभी आना है। आम आदमी पार्टी के सांसद भी 'इंडी ब्लॉक छोड़ चुके हैं। राहुल गांधी किन 300 सांसदों की गिनती करा रहे हैं! बहरहाल संसद में महाभियोग पारित होने की संभावनाएं भी नगण्य हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बेहद सनसनीखेज आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सीईसी ज्ञानेश कुमार और सरसंघचालक मोहन भागवत ने 'आपराधिक साजिश करके हिंदुस्तान को हाईजैक कर लिया है, संविधान को नष्ट करने की कोशिश की है, वोट चोरी कराई है। राहुल गांधी के इस गंभीर, खोखले आरोप को संघ अदालत में चुनौती देने पर विचार कर रहा है। दरअसल हम आंदोलन-विरोधी नहीं हैं।

बहुत कठिन है डगर पनघट की....



चुनावी राजनीति में यह माना जाता है कि जिसने उत्तरप्रदेश को जीत लिया, उसके लिए दिल्ली दूर नहीं होती। सत्ता के शिखर का रास्ता लखनऊ से होकर दिल्ली जाता है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों का जोर उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को जीतने में लगा रहता है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ पूरे विपक्ष ने बीजेपी के विजय रथ को काफी हद तक रोकने से गदगद होकर देश की राजनीति में नए विकल्प की गूंज को पैदा किया था। बहुमत से दूर कर इंडिया अलायंस के नाम के साथ फिर एक होकर बीजेपी को चुनौती देने की ठान ली थी। लेकिन उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों में उनकी जबरदस्त हार ने एक बार फिर विपक्षी गठबंधन की एकता को तार तार कर दिया। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पूरा विपक्ष एक बार भी चुनाव आयोग और ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध सड़कों पर उतर कर सत्ता विरोधी माहौल को गरमाने में व्यस्त है। दूसरी ओर, बीजेपी चुपचाप सबसे महत्वपूर्ण माने जा रहे उत्तरप्रदेश के चुनाव में अपनी तीसरी जीत की तैयारियां कर रही है। सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए यह चुनाव देश की भावी राजनीति की दशा और दिशा तय करने वाला साबित होगा। लिहाजा हर कोई इस चुनाव की गंभीरता को महसूस करते हुए चुनावी तैयारियों में जुट गया है। समाजवादी पार्टी के लिए यह चुनाव मुलायम सिंह यादव की विरासत को बनाए रखने और अखिलेश यादव को अपने राजनीतिक अस्तिव को बचाए रखने के लिए किसी इम्तिहान से कम नहीं है। मुलायम सिंह यादव के जीवनकाल में अखिलेश यादव की अगुवाई में 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव लड़े गए। 2017 में उनके लिए चुनाव में हार किसी तगड़े झटके से कम नहीं था तो इस बार का चुनाव उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती और इम्तहान से कम नहीं है। दरअसल अखिलेश यादव के लिए यह चुनाव मुलायम सिंह यादव की विरासत को संभालने और खुद के राजनीतिक इम्तहान को पास करने की चुनौती है। 2012 में मुलायमसिंह यादव ने अखिलेश को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री का पद सौंपा था। 2017 में दोनों के बीच टकराव हुआ और यूपी की सत्?ता हाथ से निकल गई। अब 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव अखिलेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। अखिलेश यादव की अगुवाई में 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव लड़े गए। उनके लिए 2017 का झटका तगड़ा था और उन्होंने सत्ता खो दी। विधायक भी सिर्फ 41 रह गए। 2022 में भी समाजवादी पार्टी सत्ता से दूर रही, लेकिन 111 सीटों पर जीत ने पार्टी को राहत दी। 2019 में लोकसभा की 5 सीटें बरकरार रहीं, लेकिन 2024 में यह 37 पर पहुंच गई। जाहिर है कि इसने पार्टी का आत्मविश्वास बढ़ाया। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगी समाजवादी पार्टी सरकार बनाने के दावे के साथ मैदान में उतर रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश ने बसपा के साथ हाथ मिला कर चौंकाया। उन्हें उम्मीद थी कि सपा के यादव-मुस्लिम आधार और बसपा के दलित जनाधार का मेल भाजपा को पस्त कर देगा। कामयाबी आंशिक रही और बड़ा फायदा बसपा के हिस्से में चला गया। वह शून्य से दस पर पहुंच गई, जबकि समाजवादी पार्टी पांच पर ही अटकी रही। मुलायम सिंह यादव की राय को दूसरी बार नजरअंदाज करने का अखिलेश यादव का फैसला समाजवादी पार्टी के लिए घाटे का सौदा रहा। 2022 के विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी को राहत देने वाले रहे। बेशक इस चुनाव में भी सत्ता दूर रही, लेकिन 2017 की 47 सीटों की तुलना में 111 पर जीत ने संदेश दिया कि अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम सिंह की विरासत सुरक्षित रख सकते हैं। इस चुनाव में पार्टी ने छोटे और क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन किया। भाजपा 255 सीटें जीतकर फिर सरकार बनाने में सफल रही, लेकिन 2017 की तुलना में उसकी 57 सीटें कम हुईं। एक संदेश यह भी था कि समाजवादी पार्टी अपने समर्थन को दोबारा संगठित कर सकती है। इसने अखिलेश यादव की स्थिति मजबूत की। समर्थकों को भरोसा दिया कि वे सत्ता में वापस आ सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों ने अखिलेश यादव का कद और बड़ा किया। एक बार फिर उन्होंने कांग्रेस को साथ लिया। पिछड़े, दलित तथा अल्पसंख्यक पीडीए का नया चुनावी रसायन पेश किया। संविधान को खतरे में बताया।

फार्मूला हिट रहा। 2017 की 47 सीटों की तुलना में 2022 के चुनाव में 111 सीटों पर जीत ने संदेश दिया कि अखिलेश यादव मुलायम सिंह की विरासत सुरक्षित रख सकते हैं। केंद्र में भाजपा विरोधी खेमे में समाजवादी पार्टी की भूमिका एक सहयोगी की रहती है। उत्तर प्रदेश उसकी राजनीतिक जमीन और ताकत का मुख्य स्रोत है। सत्ता से दूर रहते हुए भी वह इस राज्य में भाजपा के मुख्य प्रतिद्वंदी के तौर पर सत्ता की दावेदार है। दो बार की लगातार सरकार के कारण भाजपा को सत्ता विरोधी रुझान का सामना करना पड़ सकता है। समाजवादी पार्टी 2017 और 2019 के झटकों के बाद संभली है। गैर भाजपाई वोटों का बिखराव रोकने के लिए वह एक बार फिर कांग्रेस को साथ लेना चाहेगी, लेकिन अपनी शर्तों पर।

दूसरी ओर अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली से अपने चुनावी अभियान की जोरदार शुरुआत करके कांग्रेस को याद दिलाया कि वहां उसकी बड़ी जीत समाजवादी पार्टी के सहयोग से ही मुमकिन हुई। उत्तर प्रदेश की राजनीति करते मुलायम सिंह यादव ने देश की राजनीति में बड़ा कद बनाया। उन्होंने समाजवादी पार्टी को लम्बे जमीनी संघर्ष, सामाजिक समीकरणों और संगठनात्मक पकड़ के सहारे खड़ा किया था।

आप गुरुजी बैंगन खावे....



आप गुरुजी बैंगन खावे, दूजे ने उपदेश बतावे। रोजाना की बातचीत में यह लगभग हमेशा सुनाई देता है। नसीहत देने में किसी का कुछ नहीं जाता है, कोई खर्च नहीं होता। ऐसे रायचंदजी हर जगह आसानी से उपलब्ध रहते हैं। घर परिवार, से बाहर निकल कर, चौक चौराहे से होते हुए ग्लोबल स्तर तक इन रायचंदों की वजह से कभी कभी व्यवस्थाओं में विसंगतियां पैदा होती है तो कभी कभी समस्याएं खुद ब खुद आसान होने लगती है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ही देख लीजिए, उन्होंने भारत की ऊर्जा समस्या को एक चुटकी में हल कर दिया। एक लंबे समय से भारत के साथ ट्रेड वॉर का खेल खेलते हुए खुद ही इस खेल का शिकार हो गए। उनके एक ताजा निर्णय ने कई देशों की मुश्किलों का हल कर दिया। ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक अगले साल सात अप्रैल तक हटा दी है। इसके साथ ही अमेरिका ने रूस पर तेल बिक्री की पाबंदियां भी हटा दी हैं। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। ट्रम्प के मुताबिक रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इस फैसले की जानकारी दी। ट्रम्प के मुताबिक, अगर सब कुछ ठीक रहा तो आगे चलकर 30 लाख टन डीजल भी भेजा जा सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने पुतिन का धन्यवाद किया। ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर हमारे पूरे कंट्रोल और रूसी एनर्जी के बारे में इस शानदार घोषणा की वजह से, अमेरिकियों और पूरी दुनिया के लिए डीज़ल की कीमतें तेज़ी से और रिकॉर्ड स्तर पर कम होंगी. अमेरिकियों, खासकर हमारे महान किसानों, पशुपालकों और ट्रक ड्राइवरों के लिए कीमतें कम करना मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है. यह एक बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण घोषणा है. साथ ही, यह भी समझना ज़रूरी है कि ईरान के पास न्यूक्लियर हथियार नहीं होगा। रूस के 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी। अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते जिस रूस से ट्रंप की अदावत रही, युद्ध रोकने की झंडाबरदारी करने वाले ट्रंप जिस देश से तेल खरीदने पर भारत जैसे दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ लगाते रहे, वह खुद उस रूस से डील कर बैठे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से डील करके अपने देश अमेरिका में ही मिड टर्म इलेक्शन से पहले घिरते नजर आ रहे हैं। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाने वाले ट्रंप अब खुद पुतिन के साथ डीजल डील को लेकर अपने ही घर में घिर गए हैं। अमेरिकी सीनेटरों ने भी इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे शर्मनाक बताया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से डीजल खरीदने के समझौते की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे पुतिन की युद्ध लड़ने की ताकत बढ़ेगी और रूस ज्यादा आक्रामक हमले कर सकेगा। जेलेंस्की ने कहा कि डील से रूस को युद्ध लंबा खींचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा। जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूक्रेन के वार्ताकार रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका के फ्लोरिडा में अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रम्प ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर सौ फीसदी तक टैरिफ लगाया जा सकता है। पिछले साल रूसी राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 15 अगस्त को अलास्का में यूक्रेन युद्ध खत्म करने के मसले पर चर्चा हुई थी। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस समझौते से कीमतों पर ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। लेकिन इससे रूस और पुतिन को बड़ा फायदा होगा। कई विशेषज्ञों ने इस समझौते की तुलना डूबते जहाज से की। उनके अनुसार अमेरिका रूस से डीजल खरीदेगा, तो रूस के मौजूदा ग्राहक दूसरे देशों से डीजल खरीदने लगेंगे। इससे कीमतों में कोई कमी नहीं आनी वाली। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने इस निर्णय से इस प्रतिस्थापित सिद्धांत को साबित कर दिया है कि हर देश अपनी जरुरतों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। तेजी से बदल रहे जियो पॉलिटिक्स में हर देश बदलती परिस्थितियों में देश के हितों की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, भारत की इस नीति का समर्थन ही किया है।

ट्रेड वॉर के दायरे से बाहर निकलने में ट्रंप का यह फैसला अपनी खुदमुख्तारी के ऐलान को और अधिक मजबूत करेगा। अब अमेरिका इस हैसियत में नहीं रहेगा कि वह दुनिया भर के देशों को यह नसीहत दे कि उसे कहां से क्या खरीदना है, बेचना है, संबंध और संपर्क बनाने हैं, बिगाड़ने हैं। ट्रंप के इस फैसले ने भारत की आवाज को मुखरता दी है कि कोई भी देश अपने हितों की रक्षा और अपनी जरुरतों के लिए बिना किसी बाहरी दबाव के खुल कर फैसले कर सकता है। ट्रंप ने अपनी घरेलू जरुरतो के लिए रूस से तेल खरीदने के फैसले के बाद अब वह ज्ञानचंद की भूमिका में रहते हुए दूसरों को नसीहत देने वाला रायचंद नहीं बनेगा। क्यूंकि जो गुरुजी बैंगन खाते हैं, वे दूसरों को उपदेश देने की स्थिति में नहीं रहते।

कहानी

गूँजता सन्नाटा



महानगर के एक आलीशान अपार्टमेंट की दसवीं मंजिल पर बने फ्लैट में रहने वाले 70 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर, आनंद जी के लिए हर दिन एक जैसा था। सुबह की चाय, अखबार और बालकनी से दिखती तेज रफ्तार जिंदगी। उनके ठीक सामने वाले फ्लैट में तीन सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवा रहते थे। वे अक्सर देर रात घर लौटते, अपने कानों में ईयरफोन लगाए और स्क्रीन पर नजरें टिकाए। कभी-कभार लिफ्ट में आमना-सामना होने पर भी, वे आनंद जी को देखने के बजाय अपने फोन को स्क्रॉल करने में व्यस्त रहते। आनंद जी बस एक फीकी मुस्कान के साथ उनसे नजरें मिलाने की कोशिश करते, पर तकनीक की दीवार हमेशा बीच में आ जाती। एक शाम, पूरे अपार्टमेंट की बिजली अचानक गुल हो गई। बैकअप जनरेटर भी तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गया। पूरे ब्लॉक में अंधेरा छा गया और सबसे बड़ी आफत यह हुई कि मोबाइल नेटवर्क और वाई-फाई के सिग्नल पूरी तरह गायब हो गए। सामने वाले फ्लैट के तीनों युवक घबराकर बाहर लॉबी में आ गए। उनके पावर बैंक खत्म हो रहे थे और बिना इंटरनेट के वे पूरी दुनिया से कट चुके थे। अंधेरे और सन्नाटे से घबराकर उन्होंने झिझकते हुए आनंद जी का दरवाजा खटखटाया, जिनके पास हमेशा एक मोमबत्ती और माचिस तैयार रहती थी। आनंद जी ने मुस्कुराकर उनका स्वागत किया। उस रात, बिना किसी स्क्रीन के, चारों लोग मोमबत्ती के मद्धम उजाले में बैठे। युवाओं को पहली बार पता चला कि आनंद जी ने उसी विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है जहाँ से वे पास आउट हुए हैं। उन्होंने आनंद जी से उनके दौर की कहानियाँ सुनीं और आनंद जी ने उनके करियर के संघर्षों को समझा। जब दो घंटे बाद बिजली लौटी, तो चारों के चेहरे पर एक अलग सी चमक थी। मोबाइल स्क्रीन फिर से जगमगा उठी, लेकिन इस बार युवाओं ने उसे तुरंत जेब में रख लिया। उन्होंने आनंद जी से कहा, "सर, कल सुबह की चाय हम साथ पिएंगे।"

अगले सुधारों की पुख्ता तैयारी

विकसित भारत बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है, जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थी: कर दरों को कम एवं तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला।

जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त, दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6 प्रतिशत अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई। इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15 प्रतिशत की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाजारों में भाग लेने का अवसर देती है और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग, निवेश तथा रोजगार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं। परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक पहुंचता है। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है।

अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक हैं। इनपुट टैक्स क्रेडिट यानी आइटीसी की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं।

किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई आर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आइजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सात अक्टूबर को जीएसटी परिषद के समक्ष रखे जाने वाले प्रस्ताव राज्यों के साथ निरंतर विचार-विमर्श और समन्वय से तैयार किए गए हैं। ये प्रस्ताव अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करने के उद्देश्य से पंजीकरण, रिटर्न, रिफंड, विवादों के निपटारे और इनपुट टैक्स क्रेडिट के सुगम प्रवाह से जुड़े हैं। करदाताओं का अनुभव ही इसके क्रियान्वयन का मुख्य मार्गदर्शक बना रहना चाहिए। जीएसटी की परिपक्वता के दायरे का विस्तार हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करता है। स्पष्टता, निश्चितता और करदाता के प्रति सम्मान की यही प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष करों से जुड़े हमारे कार्य को भी दिशा देती है। एक भरोसेमंद कर प्रणाली उद्यमों को अपने तात्कालिक दायित्वों से आगे बढ़कर योजना बनाने तथा ऐसे अवसरों में निवेश करने में सक्षम बनाती है जिनके फलने-फूलने में समय लगता है। वे चाहे कहीं भी कार्य कर रहे हों, उन्हें यह भरोसा दिलाना प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप एक 'विकसित भारत' की आर्थिक शक्ति के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।

'ग्लोबल हैप्पीनेस फोर्म एण्ड फैस्टिवल जयपुर 2026 कार्यक्रम

खुशी के लिए विवेक, समझदारी, ईमानदारी और नैतिकता सबसे महत्वपूर्ण : राज्यपाल

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि खुशी, कल्याण और स्वतंत्रता ही मानव विकास का मुख्य आधार है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी मिलकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि खुशी के लिए विवेक, समझदारी, ईमानदारी और नैतिकता ही सबसे महत्वपूर्ण है। यह सब गुण यदि समाज में व्याप्त हो जाएं तो सब ओर हैप्पीनेस का प्रसार हो सकता है। उन्होंने देश और समाज के लिए सबको चिंतन और मनन करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि इस समय में झूठ को सच बताने की होड़ मच रही है। पर, सजग रहेंगे सत्य सदा सत्य ही रहेगा। उन्होंने देश में 80 करोड़ लोगों को केंद्र सरकार मुफ्त अनाज प्रदान कर रही है। सभी के स्वास्थ्य



की विश्व की सबसे बड़ी 'आयुष्मान भारत' योजना चलाई जा रही है। देश तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है, यह बहुत से देशों को पच नहीं रहा है। उन्होंने सुशासन और पारदर्शिता के साथ भेदभाव मुक्त वातावरण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि खुशहाली का पैमाना केवल धन-दौलत या भौतिक सुख-सुविधाएं नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक शांति, अच्छे स्वास्थ्य और मजबूत रिश्तों का एक गहरा अहसास है। उन्होंने कहा कि विकास का जो मॉडल पश्चिम के देशों ने अपनाया है, उसमें जीडीपी दर में वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय, आर्थिक प्रगति को ही मुख्य आधार बनाया है। किसी भी विकसित देश के लिए यह सब जरूरी है परन्तु इन-सबसे अधिक जरूरी है मानवीय मूल्य।

राज्यपाल बागडे शनिवार को बिड़ला सभागार में वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन, इण्डिया चैप्टर, जयपुर द्वारा आयोजित 'ग्लोबल हैप्पीनेस फोर्म एण्ड फैस्टिवल जयपुर 2026' में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारत को गुलामी के दौर में भूखे मरने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि लॉर्ड मैकाले ने भारतीय शिक्षा पद्धति को बर्बाद किया।

हमारे गुरुकुल बंद करवा दिए। देश को गुलाम रखने के लिए उद्योग धंधे बंद कर लोगों को भूखे मरने की स्थितियां पैदा की। फिर भी अंग्रेजों के कहा कि हम भारत में समृद्धि ला रहे है। इसके जवाब में 1922 में महात्मा गांधी ने भाषण में बताया कि देश में भूखे मरने की स्थितियां आ रही है।

परकोटे के नीचे मेट्रो की सुरंग शुरू : गलता गेट से ट्रांसपोर्ट नगर तक जुड़ेगा जयपुर

संचार जगत

जयपुर । गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक परकोटे के नीचे मेट्रो विस्तार की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गलता गेट पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का शुभारंभ कर जयपुर मेट्रो फेज-1सी के भूमिगत सुरंग निर्माण की शुरुआत की। करीब 1511 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के पूरा होने पर बड़ी चौपड़ से आगे गलता गेट होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी। लगभग 3.80 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में करीब तीन किलोमीटर भूमिगत ट्रैक और 800 मीटर एलिवेटेड रैंप का निर्माण होगा। परियोजना के तहत दो नए स्टेशन बनाए जाएंगे। परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती ऐतिहासिक परकोटे के नीचे सुरंग बनाना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल की प्रेरणा से दीपावली से पहले स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और रोशनी से जगमगाएंगे शहर

- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जेडीए में सेवा सेतु शिविर का किया अवलोकन, नगरीय निकायों की 100 दिवसीय कार्ययोजना एवं दीपावली तैयारियों की ली राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में आयोजित सेवा सेतु शिविर का अवलोकन किया जहाँ उन्होंने स्वयं लाभार्थियों को पट्टे भी वितरित किए। इसके पश्चात उन्होंने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों की 100 दिवसीय कार्ययोजना एवं दीपावली से पूर्व की जाने वाली तैयारियों की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन और जयपुर नगर निगम आयुक्त



ओम कसेरा, सचिव जयपुर विकास प्राधिकरण डॉ गौरव सैनी सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी नगरीय निकायों एवं नगर विकास न्यासों (यूआईटी) के आयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक की शुरुआत में जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन एवं सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन द्वारा पीपीटी के माध्यम से 100 दिवसीय कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों की 100 दिवसीय कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों की निरंतर समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक कार्य की प्रगति पर निगरानी रखते हुए अपेक्षित परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को तकनीक आधारित, प्रभावी एवं समयबद्ध मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। स्वच्छता एवं सुधार कार्यों की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कार्यों से पहले और बाद के दिनांकयुक्त एवं जियो-टैग फोटो तथा संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

दिल्ली राजस्थान के रंगों में झूमी, कई राजदूत भी हुए शामिल

संचार जगत

नई दिल्ली। राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक विरासत राष्ट्रीय राजधानी के बीचों-बीच तब जीवंत हो उठी जब राजस्थानी अकादमी द्वारा नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेन्टर के ऐवान-ए-गालिब ऑडिटोरियम में आयोजित 34वें राजस्थानी लोक नृत्य प्रतियोगिता 2026 में आकर्षक लोक नृत्यों,



बारां जिले की सभी पंचायत समितियों में प्रत्याशियों को दिया निर्वाचन प्रक्रिया का प्रशिक्षण

संचार जगत

बारां। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत शनिवार को बारां जिले की सभी पंचायत समितियों में प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी बालमुकुंद असावा के निर्देशन में आयोजित कार्यशालाओं में रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा जिला व ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पंचायत राज संस्थाओं के संभावित प्रत्याशियों को नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी नियमों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी दी



गई। साथ ही, नामांकन प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यशालाओं का उद्देश्य संभावित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया की समुचित जानकारी प्रदान करना तथा नामांकन प्रक्रिया को सुचारू एवं त्रुटिरहित बनाना रहा। इस दौरान मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका और निर्वाचन संबंधी जानकारी के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।

'निर्वाचन आयुक्त से मिलने सैकड़ों लोगों को ले जाना उचित प्रक्रिया नहीं': गहलोत की प्रतिक्रिया पर मदन राठौड़



संचार जगत

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पर दी गई प्रतिक्रिया को अनावश्यक बताया है। राठौड़ ने कहा कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष के नाते नितिन नवीन ने कांग्रेस नेताओं को निर्वाचन आयुक्त से मिलने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की सलाह दी थी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात के लिए सैकड़ों लोगों को लेकर जाना और शक्ति प्रदर्शन करना उचित प्रक्रिया नहीं है। इसके लिए एक निर्धारित संख्या में प्रतिनिधिमंडल समय लेकर अपनी शिकायत और तर्क प्रस्तुत करता है, और कांग्रेस को भी इसी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

'कभी 240 तो कभी 400 लोगों के साथ मिलने की बात'

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस कभी 240 तो कभी 400 लोगों के साथ निर्वाचन आयुक्त से मिलने की बात करती है, जबकि किसी भी विषय पर बात तथ्यों और तर्कों के आधार पर रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन आयुक्त की पैरवी करने का विषय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के समक्ष अपनी बात रखने की निर्धारित प्रक्रिया का मामला है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस वास्तविक शिकायत के समाधान के बजाय इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने और मीडिया में चर्चा बनाए रखने का प्रयास कर रही है। उनके अनुसार ऐसे में अशोक गहलोत का इस सलाह पर प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है।

राहुल को लेकर गहलोत से बोलने की मांग

राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत की सार्वजनिक छवि रही है, इसलिए उन्हें राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर अपनी पार्टी के नेताओं के आचरण पर भी स्पष्ट रूप से बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक महिला पुलिसकर्मी के साथ व्यवहार को लेकर भी गहलोत को बोलना चाहिए, जिसे राठौड़ ने 'अभद्र व्यवहार' बताया।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में मर्यादा और शालीनता का पालन प्रत्येक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। नेता प्रतिपक्ष का पद लोकतंत्र में महत्वपूर्ण और सम्माननीय है ।

जयपुर से आसमान में अकासा की नई उड़ान : राजस्थान में शुरू हुआ एयरलाइन का सफर

संचार जगत

जयपुर। अकासा एयर ने राजस्थान में अपना परिचालन शुरू कर दिया है। जयपुर राज्य में एयरलाइन का पहला परिचालन केंद्र बना है। 11 अक्टूबर से जयपुर को मुंबई और बेंगलुरु से जोड़ने वाली दैनिक सीधी उड़ानें शुरू की गई हैं। एयरलाइन 15 अक्टूबर से उदयपुर से भी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। इससे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और व्यावसायिक केंद्रों की हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने की उम्मीद है।

जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार को उद्घाटन उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। निर्धारित समय के अनुसार, उड़ान संख्या क्यूपी 1530 ने जयपुर से सुबह 11:30 बजे उड़ान भरी और दोपहर 2 बजे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। इस अवसर पर अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी आनंद श्रीनिवासन और जयपुर अंतरराष्ट्रीय

पंचायती राज चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ली वीसी

- नगरीय निकाय चुनाव में 10,245 पदों के मुकाबले इस बार 1.55 लाख पदों पर होंगे चुनाव, जिला निर्वाचन अधिकारियों को अधिक मुस्तैदी से तैयारी करने के निर्देश
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनरेटर एवं लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, निर्बाध बिजली आपूर्ति और कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

संचार जगत

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 में 10 हजार 245 पदों के लिए चुनाव संपन्न कराए गए थे, जबकि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 में लगभग एक लाख 55 हजार पदों पर निर्वाचन होना है। चुनाव के व्यापक स्तर और अधिक संख्या में पदों को देखते हुए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता, बेहतर समन्वय और व्यापक तैयारियों के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करें, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। सिंह शनिवार को शासन सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। वीसी में समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) शामिल हुए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिस प्रकार नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है, उसी प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता के साथ पंचायती राज चुनाव भी संपन्न कराए जाएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

संचार जगत

दौसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिलेभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ एडीआर सेंटर पर संतोष अग्रवाल और नम्रता पारीक (विशिष्ट न्यायाधीश, न्यायालय अ.जा./ज.जा. अ.नि. प्रकरण) तथा माधवी गोस्वामी (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आपसी समझाइश से मामलों का निस्तारण सौहार्दपूर्ण समाधानः लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को आपसी समझाइश और संवाद के जरिए अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए प्रेरित किया गया। लंबित प्रकरणों का निस्तारणः जिले के राजस्व व फौजदारी न्यायालयों में लंबित मामलों में से कुल 4,713 प्रकरणों का सफल निस्तारण किया गया। बड़ी वित्तीय राहतः राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से हुए इन फैसलों के जरिए कुल 10 करोड़ 15 लाख 29 हजार 549 रुपये की राशि का सफलतापूर्वक सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े कई प्रिलिटिगेशन मामलों का भी मौके पर निस्तारण हुआ।

विभिन्न अदालती बेंचों का गठन जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक के निर्देशानुसार जिले में कुल 10 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया था। इनमें से 3 बेंच दौसा मुख्यालय पर तथा 7 बेंच बांदीकुई, लालसोट, महवा और सिकराय तालुका स्तर पर गठित की गई। इस सफल आयोजन में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा सहित बार एसोसिएशन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

युवाओं के मतदाता पंजीयन से सशक्त होगा लोकतंत्र

संचार जगत

बारां। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 'कोई भी योग्य मतदाता न छूटे' थीम पर जिले में पात्र युवाओं का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी शिक्षण संस्थाओं में दो दिवसीय विशेष मतदाता पंजीयन शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर बालमुकुंद असावा तथा सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप राजीव तोमर के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया सीखी और अपना ऑनलाइन पंजीयन कराया।

युवाओं ने सीखी ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बारां में आयोजित शिविर में सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने विद्यार्थियों को ईसीआई नेट ऐप डाउनलोड करवाकर ऑनलाइन मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन करवाते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी की पहली महत्वपूर्ण सीढ़ी है। प्रत्येक पात्र युवा को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना पंजीयन करवाना चाहिए, ताकि वह मताधिकार के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभा सके।

भार्गव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा केवल स्वयं मतदाता के रूप में पंजीकृत होने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने परिवार और आसपास के अन्य पात्र युवाओं को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया सरलता से पूरी की जा सकती है। जागरूक युवा ही जिम्मेदार नागरिक बनकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दे सकते हैं। शिविर के दौरान ईएलसी प्रभारी नवीन नवरिया के निर्देशन में ईएलसी सदस्यों ने विद्यार्थियों को पंजीयन प्रक्रिया समझने तथा ऑनलाइन आवेदन करने में सहयोग किया।

बाड़ी में रामलीला के मंचन में श्रीराम वनवास की मार्मिक लीला का हुआ मंचन

संचार जगत

नोहर। श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य परिषद के तत्वावधान में बाड़ी वाली रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में कल रात श्रीराम वनवास की मार्मिक लीला का मंचन किया गया।

आज की लीला में श्रीराम पिता के वचन का सम्मान करते हुए सहर्ष वन जाने को तैयार हो जाते हैं। वे अपनी माता कौशल्या के पास जाते हैं और उनसे आज्ञा मांगते हैं। पुत्र के मुख से वनवास की बात सुनकर माता कौशल्या फूट-फूट कर रोने लगती हैं। श्रीराम उन्हें समझाते हैं कि पिता की आज्ञा का पालन करना ही पुत्र का सबसे बड़ा धर्म है। इसी बीच सीता जी और लक्ष्मण जी को जब वनवास के बारे में पता चलता है तो वे भी साथ चलने की जिद करते हैं और अंत में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण तपस्वी वेश धारण कर सुमंत के रथ पर सवार होकर वन के लिए प्रस्थान करते हैं। इस करुण दृश्य को देखकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। इस लीला में श्रीराम का किरदार गोविंद नारायण पारीक ने, लक्ष्मण का रोहिताश सैनी ने,सुमंत का शिवम भोजक ने, सीता का कपिल सोनी ने और अयोध्या वासी का किरदार नंदलाल तंवर, मनोज जोशी और भरत बंसल ने निभाया।

लायंस क्लब के शिविर में 244 लोगों की मधुमेह और 218 की रक्तचाप जांच



संचार जगत

कोटा। लायंस क्लब कोटा की ओर से शनिवार को छत्र विलास गार्डन में निःशुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 244 लोगों की ब्लड शुगर और 218 लोगों के रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही जांच के आधार पर लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। क्लब अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने बताया कि लायंस क्लब कोटा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का एमजेएफ सोनल नंदवाना ने किया। शिविर का उद्देश्य लोगों को मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर में रमेश चंद शर्मा, लक्ष्मीकांत पारीक,कोषाध्यक्ष विजय काबरा शिवनारायण बाहेती, पीबी पुरोहित, अनिल माहेश्वरी, शशि भंडारी, राजकुमार लड्ढा, जुगल किशोर सोनी, प्रमोद विजय, जुगल सिंह, ऊषा सोलंकी,एमजेएफ सोनल नंदवाना, सुनील आनंद, जेपी गुप्ता, वीरेंद्र विजय, शिव नुवाल, शंभू दयाल विजय एवं भारती डागा सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने शिविर के संचालन में सहयोग करते हुए। सेवा कार्य में भागीदारी निभाई।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बारां में जिला स्तरीय समारोह आयोजित



संचार जगत

बारां। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बालिकाओं एवं उपस्थित जनसमूह को बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए कहा कि सशक्त बालिकाएं ही सशक्त समाज और जागरूक राष्ट्र की आधारशिला हैं।

कलक्टर असावा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी आवश्यक है। पंचायती राज आम चुनाव में मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उन्होंने बालिकाओं एवं महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं मतदान के प्रति जागरूक रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान करते समय किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव अथवा भय में आए बिना स्वतंत्र विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर एरोड्रम सर्किल से एयरपोर्ट मार्ग का होगा सुचारू संचालन, नवरात्र पर मिलेगी राहत

संचार जगत

कोटा। कोटा में एरोड्रम सर्किल से कोटा एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़क पर लगातार जलभराव और खराब स्थिति से जूझ रहे आमजन और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश और अनुशंसा पर इस मार्ग पर सीसी (सीमेंटेड) और डामर सड़क का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। व्यापारियों के आग्रह पर त्वरित कार्रवाई दशहरा और दीपावली सीजनः क्षेत्र के व्यापारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के माध्यम से लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया था कि त्योहारी और व्यापारिक सीजन को देखते हुए सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर इसे जनता के लिए शुरू किया जाए।



समय सीमा और गुणवत्ताः व्यापारियों के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए थे। जिलाध्यक्ष ने किया निर्माण स्थल का निरीक्षण स्थिति का जायजा लेने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने शनिवार को सड़क निर्माण स्थल का दौरा कर मौका मुआयना किया। जैन ने बताया कि पूरी कोशिश है।

कि इस सड़क को प्रथम नवरात्र यानी 11 अक्टूबर को आम जनता के आवागमन के लिए सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने इस त्वरित समाधान के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कोटा-बूंदी क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

आध्यात्मिक आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में कल से सजेगा रामलीला का मंच

संचार जगत

दौसा। आध्यात्मिक आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर स्थानीय बजरंग मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बल्ली पूजन के साथ होगा शुभारंभ गणेश पूजन और मंचनः आगामी 11 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे माँ शारदे के पूजन के साथ बल्ली पूजन किया जाएगा, जिसके पश्चात विधि-विधान से रामलीला का श्रीगणेश होगा। नारद मोह की लीलाः 11 अक्टूबर की रात्रि में गणेश पूजन के साथ रामलीला का औपचारिक शुभारंभ होगा, जिसमें 'नारद मोह' की लीला का प्रमुख रूप से मंचन किया जाएगा विशेष आकर्षण और दर्शक व्यवस्था समयः रामलीला का प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक मंचन किया जाएगा। D प्रिंटेड पर्दे का नया कलेवरः इस वर्ष इस भव्य रामलीला का मंचन आधुनिक तकनीक के तहत 3D प्रिंटेड पर्दों पर नए कलेवर में किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। सुरक्षा एवं बैठने की व्यवस्थाः दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरुष एवं महिलाओं के बैठने के लिए बैरीकेड्स लगाकर अलग-अलग व्यवस्थाएँ की गई हैं, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति ने रामलीला को सफल बनाने के लिए सभी प्रबंध पुख्ता कर लिए हैं।

नारी सशक्तीकरण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

संचार जगत



जयपुर । राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नई दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों के महिला एवं बाल विकास मंत्रियों के साथ आयोजित 'नारी शक्ति मंथन' कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में महिला सशक्तीकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान दिया कुमारी ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों में अपनाई जा रही बेहतर कार्यप्रणालियों को साझा करने और उन्हें अन्य राज्यों में प्रभावी रूप से लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। दिया कुमारी ने महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा भारती के सह-महामंत्री विजय पुराणिक, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और भाजपा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया सह-संयोजक प्रीति गांधी ने भी अपने विचार रखे।

गौरवी कुमारी ने प्तवॉक4 डिस्लेक्सिया को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



संचार जगत

जयपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के अवसर पर द पैलेस स्कूल के बहुविषयक प्रकोष्ठ 'मैजिक पाई' द्वारा शनिवार, को डिस्लेक्सिया जागरूकता वॉक का आयोजन किया गया। इस वॉक को प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री उर्वशी वॉरमैन भी उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों, शिक्षकों, विशेष शिक्षकों एवं काउंसलर्स ने रंग-बिरंगे झंडों, बैनरों और संदेश-पट्टिकाओं के साथ जय निवास उद्यान की ओर प्रस्थान किया।

इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा समावेशिता को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। इस पहल के अंतर्गत एक संवादात्मक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने और प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया गया। 'डूडल योर फीलिंग्स' नामक रचनात्मक कला गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रों द्वारा अपनी भावनाओं एवं अनुभवों को अभिव्यक्त किया। इस गतिविधि ने भावनात्मक स्वास्थ्य तथा बच्चों को अपनी भावनाएँ व्यक्त करने के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के महत्त्व को रेखांकित किया।

इस पहल के माध्यम से द पैलेस स्कूल ने संवेदनशीलता, स्वीकार्यता और समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि हर मस्तिष्क सीखने का अपना अलग तरीका रखता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आत्म अवलोकन- इमोशनल लैब का हुआ शुभारंभ

संचार जगत

जयपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में दिनांक 10 अक्टूबर, 2026 को सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड गाइडेंस ने मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से 'आत्म अवलोकन'- इमोशनल लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने लैब का उद्घाटन किया। यह पहल छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके भावनात्मक कल्याण को प्रोत्साहित करने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इमोशनल लैब में छात्राओं के लिए विभिन्न सरल एवं रोचक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। इनमें क्ले मॉडलिंग, स्ट्रेस बॉल, मंडला कलरिंग, जेंगा, लूडो, पज़ल्स तथा अन्य रचनात्मक खेल शामिल हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं को तनाव से राहत प्रदान करना, एकाग्रता बढ़ाना, सकारात्मक सामाजिक संवाद को प्रोत्साहित

त्योहारों में जाम से निपटने के लिए जयपुर ट्रैफिक पुलिस बनाएगी दो माह की कार्ययोजना : डीजीपी

संचार जगत



जयपुर। त्योहारों और पर्यटन सीजन में राजधानी की सड़कों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए जयपुर ट्रैफिक पुलिस अगले दो महीने की कार्ययोजना तैयार करेगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में यातायात प्रबंधन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण कर व्यावहारिक समाधान निकालने और कार्ययोजना की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि यातायात सुधार का असर सड़कों पर दिखाई देना चाहिए। पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के साथ डायवर्जन, पार्किंग और प्रमुख चौराहों पर यातायात प्रबंधन प्रभावी बनाया जाए। अधिकारियों के काम का आकलन फील्ड में किए गए प्रयासों और उनसे मिले परिणामों के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को यातायात व्यवस्था में सुधार का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने सीमित संसाधनों में उपलब्ध पुलिस बल, वाहनों और उपकरणों का बेहतर उपयोग करने पर भी जोर दिया। डीजीपी ने निर्देश दिए कि यातायात डायवर्जन मौके की स्थिति, वाहनों के दबाव और वैकल्पिक मार्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए। एक मार्ग पर यातायात नियंत्रित करने के प्रयास में दूसरे मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। प्रमुख चौराहों, बाजारों, पर्यटन स्थलों और व्यस्त मार्गों पर जरूरत के अनुसार पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई पर चर्चा हुई। प्रमुख चौराहों पर सड़क चिह्नांकन, संकेतक बोर्ड, सुरक्षित पैदल पार पथ और फ्री-लेफ्ट की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। यातायात बाधित करने वाले अस्थायी अतिक्रमणों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। यातायात प्रबंधन में आईटीएमएस, कैमरा आधारित चालान और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान तकनीक (एएनपीआर) का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और बसों के संचालन को सुचारू बनाने पर भी चर्चा हुई। त्योहारों के दौरान बाजारों और पर्यटन स्थलों पर वाहनों की आवाजाही बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस महानिदेशक यातायात मालिनी अग्रवाल, डीआईजी विकास शर्मा सहित पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त और यातायात व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पंचायतीराज चुनाव 2026 : प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों की दी जानकारी



संचार जगत

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद संदेश नायक की अध्यक्षता में प्रत्याशी प्रबोधन कार्यालय का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत जिला परिषद जयपुर एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन हेतु संभावित अभ्यर्थियों को नामांकन भरने संबंधित महत्वपूर्ण निर्वाचन निर्देशों की जानकारी प्रदान करने हेतु उक्त कार्यशाला का आयोजन जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा किया गया है ताकि संभावित अभ्यर्थियों को नामांकन भरने में किसी प्रकार की सुविधा न हो और किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन जानकारी के अभाव में निरस्त न हो।

इस दौरान मास्टर ट्रेडर्स द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम, नामांकन भरने की प्रक्रिया, नामांकन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले प्रपत्र, दस्तावेजों, प्रस्तावक, प्रतिभूति राशि, लोक सूचना, मतदान व मतगणना तिथियां समय आदि महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संभावित अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया।

इस दौरान उप जिला नियोजन अधिकारी मेघराज मीणा, सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संभावित प्रत्याशी कार्यशाला में उपस्थित थे।

नाहरगढ़ स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम अब एक नए अवतार में 'हिस्टोरिका

संचार जगत

जयपुर। हिस्टोरिका-स्टेप इनटू हिस्ट्री' महज वैक्स म्यूजियम नहीं, एक टाइम मशीन है - जहाँ आप महाराजा के दरबार से लेकर हाड़ी रानी के बलिदान तक को अपनी आँखों से जियेंगे, आपके चारों तरफ होगा - 25 लाख शीशों के महल से लेकर राजस्थान के पहले थियेटर तक का सफर जयपुर आने वाला पर्यटक अब सिर्फ महल और किले ही नहीं देखना चाहता, बल्कि इतिहास को जीना चाहता है।

पर्यटकों की इसी बदलती सोच और इमर्सिव अनुभव की मांग को देखते हुए, नाहरगढ़ किले में स्थित प्रसिद्ध जयपुर वैक्स म्यूजियम अब एक नए कलेवर और नए ब्रांड नाम 'हिस्टोरिका - स्टेप इनटू हिस्ट्री' के साथ शुरू होने जा रहा है । यह दुनिया का पहला मल्टी-एक्सपीरियंशियल हिस्ट्री म्यूजियम है, जो 300 साल पुराने नाहरगढ़ किले में स्थित है। फाउन्डर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि जब उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने म्यूजियम का दौरा किया था।

उन्होंने सुझाव दिया था कि यदि म्यूजियम में अनुभव को और बेहतर किया जाए तो इस विरासत में चार चांद लग जाएंगे और पर्यटक का अनुभव चौगुना हो जाएगा। उन्हीं के सुझाव को ध्यान में रखते हुए हिस्टोरिका इमर्सिव फिल्म की इस नई परिकल्पना पर काम किया गया है।* हिस्टोरिका में पर्यटकों को चार जादुई दुनियाओं का अनुभव मिलेगा। पहली है राम प्रकाश टॉकीज। यह 1878-79 में महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय द्वारा बनवाए गए राजस्थान के पहले थियेटर की प्रतिकृति है। यहाँ मेगा स्क्रीन पर दो ब्लॉकबस्टर फिल्में 'मिस्ट्री ऑफ नाहरगढ़' और 'हाड़ी रानी' दिखाई जाएंगी। यह एक ऐसा अनुभव होगा जहाँ पर्यटक फिल्म देख नहीं रहा, बल्कि उस फिल्म का हिस्सा बन जाएगा। नाहरगढ़ आने वाले पर्यटक को पता ही नहीं होता कि यह किला महज पत्थरो से बनी एक इमारत नहीं है बल्कि इसमें कई गहरे राज, त्याग और अधूरे प्रेम की कहानी दफन है जो इस फिल्म को देखने के बाद उसको जानकारी होगी और ज्यादा ही गहन तरीके से वो महल को देखेगा द्य वहीँ हाड़ी रानी पर बनी फिल्म देखने के बाद उसका वैक्स के पुतले को देखने का नजरिया बदल जाएगा द्य दूसरी दुनिया है। शीश महल। यह 25 लाख से अधिक कांचों से बना दुनिया का इकलौता शीश महल है जिसमें कांच का फर्श है। तीसरी दुनिया है द रॉयल दरबार और चौथी दुनिया है हॉल ऑफ आइकॉन्स, जहाँ 45 से अधिक जीवंत मूर्तियां हैं। उल्लेखनीय है। कि जयपुर वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन दिसंबर 2016 में बॉलीवुड स्टार गोविंदा ने किया था।

सीबीआई कर्मी के प्लॉट हड़पने की साजिश का आरोप, सात साल से न्याय का इंतजार

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में भू-माफियाओं द्वारा कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कीमती भूखंडों को हड़पने की साजिश और पुलिस जांच में देरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में शनिवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओंकार मीणा और उनके बड़े भाई सुखदेव मीणा ने अपनी आपबीती बताते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच किसी उच्च अधिकारी से करवाने और कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओंकार मीणा ने बताया कि वर्ष 1994 में उनके पिता ने शिवशंकर हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी, जयपुर से उनके और उनके बड़े भाई सुखदेव मीणा के नाम पर 200-200 वर्गगज के दो प्लॉट खरीदे थे। आरोप है कि इन प्लॉटों को हड़पने की नीयत से जितेंद्र भंडारी, राकेश कुमार व्यास और सतीश दलाल ने वर्ष 2008 का एक कथित फर्जी एवं कूटरचित इकरारनामा तैयार किया। इकरारनामे की प्रमाणिकता पर उठाए सवाल ओंकार मीणा और सुखदेव मीणा का आरोप है कि संबंधित इकरारनामे में कई ऐसी विसंगतियां हैं, जो उसकी प्रमाणिकता पर सवाल खड़े करती हैं। उनका कहना है कि इकरारनामे में ओंकार मीणा की उम्र ऐसी थी, जब वे नाबालिग थे। इसके अलावा दस्तावेज में उनके हस्ताक्षर हिंदी में दर्शाए गए हैं, जबकि उनके अनुसार वे हमेशा अंग्रेजी में हस्ताक्षर करते हैं।

तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं में राजस्थान देशभर में प्रथम

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य को तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा पिछले 10 माह में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राजस्थान का चयन किया गया है।

यह सम्मान जनवरी-फरवरी 2027 में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में प्रदेश में दंत चिकित्सकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक 1 लाख 52 हजार से अधिक लोगों को तम्बाकू छोड़ने के लिए उपचार एवं परामर्श दिया गया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में पहले भी वैश्विक पहचान मिल चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2026 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान सरकार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया था।

इस सम्मान के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं को मजबूत बनाने और ब्लॉक स्तर तक इनका विस्तार करने के लिए दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित

किशोर स्वास्थ्य विषयक पोस्टर का विमोचन, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

संचार जगत



जयपुर। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने शनिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कहा कि चिकित्सा संस्थानों को मरीज-केंद्रित सोच के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इससे लोग अपनी मानसिक परेशानियों के बारे में खुलकर बात कर सकेंगे और समय पर बीमारी की पहचान के साथ उचित उपचार भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में करीब 10 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की मानसिक परेशानी का सामना कर रही है।

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए परिवार, समाज और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील वातावरण विकसित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर डॉ. जोगाराम ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर स्वास्थ्य विषयक पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई प्रभारियों और पोस्टर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। तनाव कम करने के लिए अपनी पसंद की गतिविधियों में भाग लेना और संगीत जैसी विधियां मददगार हो सकती हैं।

उन्होंने वर्षभर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की आवश्यकता बताई। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. शिव गौतम ने मानसिक रोगों से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर करने पर जोर दिया। अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला ने जन्म से बुजुर्गावस्था तक जीवन के विभिन्न चरणों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। निदेशक एड्स डॉ. सुशील परमार ने लत एवं मानसिक स्वास्थ्य, यूनिसेफ के हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. अनिल अग्रवाल ने राजस्थान में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका तथा अलख फाउंडेशन की रानू पाराशर ने अच्छे मानसिक स्वास्थ्य में संगीत चिकित्सा के महत्व पर विचार रखे।

समारोह में स्टेट नोडल ऑफिसर एनएमएचपी डॉ. एस.एम. स्वामी ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की

टीम ने 6 पी जी हॉस्टल्स की जांच की

संचार जगत

जयपुर। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त मुख्य सचिव गायत्री राठौड़ एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर विभाग द्वारा चलाए जा रहे *सही खान पान, स्वस्थ राजस्थान* अभियान के तहत पी जी हॉस्टल्स में रह कर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध करवाए जाने के लिए सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने विभिन्न पी जी हॉस्टल्स पर कार्यवाही की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि विधानी स्थित ओएसिस हॉस्टल की स्थिति बहुत खराब पाई गई। यहां रेड चिली सॉस की एक्सपायरी 15 बोतल,सोया सॉस की एक्सपायरी 28 बोतल,विनेगर की एक्सपायरी 8 बोतल,ग्रीन चिली सॉस की एक्सपायरी 3 बोतल मौके पर मिली जिन्हें नष्ट करवाया गया।

वैश्विक प्रसन्नता मंच एवं महोत्सव शुरू

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में वैश्विक प्रसन्नता मंच एवं महोत्सव-2026 का शुभारंभ हुआ। इसमें देश-विदेश की प्रतिष्ठित विभूतियों, प्रबुद्ध विचारकों, शिक्षाविदों, आध्यात्मिक मार्गदर्शकों, समाजसेवियों, मनो वैज्ञानिकों तथा मानव कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत विशिष्ट प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। महोत्सव के उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ वागड़े ने किया। इस अवसर पर ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम की वरिष्ठ कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं सलाहकार डॉ. आदित्य नाग तथा फोरम के जयपुर चैप्टर के संरक्षक मेजर जनरल अनुज माथुर ने महामहिम राज्यपाल महोदय का अत्यंत आत्मीय, ससम्मान एवं गरिमापूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. आदित्य नाग ने भूटान के पूर्व शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. नाग ने भूटान की विश्वविख्यात सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता की अवधारणा की सराहना की। वैश्विक कल्याण की ओर एक सार्थक पथ की संकल्पना पर आधारित इस महोत्सव के तृतीय संस्करण का उद्देश्य प्रसन्नता, करुणा, मानसिक संतुलन, भावनात्मक सुदृढ़ता, सामाजिक समरसता तथा मानवता के सामूहिक उत्थान को एक वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है। महोत्सव के विभिन्न सत्रों में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक जीवन-दृष्टि, पारिवारिक संबंधों की सुदृढ़ता तथा सामाजिक

महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज निकालेगा भव्य

संचार जगत



जयपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज सेवा समिति टोंक रोड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय समारोह के तहत रविवार को शोभायात्रा, ध्वजारोहण, विशाल सभा और सामूहिक गोठ का आयोजन होगा। समारोह में टोंक रोड अग्रवाल समाज से जुड़े 5 हजार से अधिक परिवारों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ, जयपुर अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष ओपी अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य जन शामिल होंगे। समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता और महामंत्री केके सिंघल ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 6 बजे टेलीफोन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के सामने से रवाना होगी। यह बरकत नगर और महेश नगर होते हुए श्री अग्रसेन भवन, बैंक कॉलोनी पहुंचेगी।

आमेर में नवरात्र मेले और अग्रसेन जयंती पर यातायात व्यवस्था में बदलाव, कई मार्गों पर डायवर्जन लागू

संचार जगत

जयपुर। आमेर स्थित शिला माता मंदिर में 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्र मेले और रविवार को चारदीवारी में निकलने वाली अग्रसेन जयंती शोभायात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण एन. नुनावथ के अनुसार मेले के दौरान आमेर रोड पर यातायात का दबाव बढ़ने पर वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। वहीं, शोभायात्रा के मद्देनजर अग्रवाल सेवा सदन से अग्रवाल कॉलेज तक दोपहर 3 बजे से वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। आमेर में यातायात का दबाव अधिक होने पर रामगढ़ मोड़ से आने वाले वाहनों को धोबीघाट, बांध की घाटी और सड़वा मोड़ होकर निकाला जाएगा। आमेर तिराहे से गांधी चौक की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। आमेर से जयपुर शहर आने वाले वाहन आमेर तिराहा, दिल्ली रोड, गलता गेट चौराहा और ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे होकर आ सकेंगे। जयगढ़ टी-पॉइंट से रामगढ़ मोड़ की ओर यातायात बंद रहेगा और वाहनों को आमेर की तरफ संचालित किया जाएगा। दिल्ली रोड से आमेर जाने वाले वाहन आमेर तिराहा, धोबीघाट चौराहा और रामगढ़ मोड़ होकर जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर रामगढ़ मोड़ से आमेर जाने वाली बसों और मिनी बसों को धोबीघाट से दिल्ली बाईपास की ओर तथा आमेर से आने वाली बसों को धोबीघाट होकर रामगढ़ मोड़ की तरफ निकाला जाएगा। पुलिस ने श्रद्धालुओं से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने की अपील की है। महाराजा अग्रसेन जयंती पर रविवार शाम 4 बजे शोभायात्रा अग्रवाल सेवा सदन से रवाना होकर चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट होते हुए।

तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड बनी मुसीबत

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में 16 ऐसी जगहों की पहचान हुई है, जहां सड़क हादसों का खतरा सबसे ज्यादा बना रहता है। खास बात यह है कि जनवरी से अब तक सड़क दुर्घटनाओं में 560 लोगों की मौत हो चुकी है। जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों के कारणों का विश्लेषण करते हुए शहर के 16 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं। इनमें बी-2 बाईपास, ओटीएस चौराहा, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, टोंक पुलिया, 200 फीट चौराहा, नाहरगढ़ पहाड़ी और सीकर रोड जैसे प्रमुख इलाके शामिल हैं।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
संपर्क : 0141 463 7668 । ई-मेल :editorial@sancharjagat.com । आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262। समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।